मुजफ्फरपुर, शुक्रवार
2.08.2019

बिहार जागे... देश आगे

प्रभात खबर

बाढ़पीड़ितों के लिए भेजी गयी राहत सामग्री

राहत सामग्री के साथ प्राचार्य व अन्य.

सीतामढ़ी. एनएस डीएवी, डुमरा परिवार की ओर से सीतामढ़ी, दरभंगा, झंझारपुर व समस्तीपुर जिले के बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री एकत्रित कर भेजा गया. प्राचार्य कुंवर सिंह ने बताया कि इसके लिए विद्यालय के सभी कर्मियों ने अपना एक दिन का वेतन सहयोग के रूप में दिये हैं. वहीं, इच्छुक छात्र-छात्राओं द्वारा भी सहयोग किया गया है. इस प्रकार 35 बोरा चूड़ा, 1008 पैकेट बिस्कुट व एक क्वींटल गुड़ की व्यवस्था कर डीएवी मुख्यालय, मुजफ्फरपुर भेजा गया है. वहां से संबंधित स्थानों पर भेजा जायेगा. मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक व कर्मी मौजूद थे.

मुजफ्फरपुर, शुक्रवार
2 अगस्त 2019

दैनिक जागरण

बिहार, झारखंड, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

डीएवी के बच्चों और कर्मियों ने जमा की राहत सामग्री

बाढ़ राहत सामग्री के साथ डीएवी के प्राचार्य व अन्य • जागरण

सीतामढ़ी, संस : डुमरा स्थित निखिल श्यामा डीएवी पब्लिक स्कूल के शिक्षक व बच्चों द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में वितरण के लिए राहत सामग्री एकत्रित कर मुजफ्फरपुर भेजा गया है। इसकी जानकारी देते हुए प्राचार्य कुंवर सिंह ने बताया कि राहत सामग्री में 35 बोरा चूड़ा, 1008 पैकेट बिस्कुट व एक क्विंटल गुड़ की व्यवस्था की गई थी। इसके लिए जहां छात्र-छात्राओं ने अपने पॉकेट मनी व अभिभावक से सहायता के लिए राशि जमा की वहीं स्कूल के शिक्षिक-शिक्षिकाओं ने भी अपने एक दिन के वेतन की राशि इसमें दी। उन्होंने बताया कि पीड़ितों के सहयोग में डीएवी के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक सदैव ही आगे रहे हैं। जमा की गई राशि व वस्तु को मुख्यालय से सीतामढ़ी, दरभंगा, झंझारपुर व समस्तीपुर के बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचाया जाएगा।